सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 03.06.2022

इटावा सर्विलांस/एसओजी टीम द्वारा अथक परिश्रम कर लोगों के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 102 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) किये गये बरामद।

गुमशुदा मोबाइलों की तलाश करने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सर्विलांस/ एसओजी टीम इटावा द्वारा अथक परिश्रम कर जनता के खोये हुए 102 मोबाइलों(अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) को बरामद कर मोबाइल मालिक को सकुशल सुपुर्द किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

लोगों द्वारा अपने खोये हुए मोबाइलों के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को सम्बोधित करते हुए प्रार्थना पत्र दिये गये थे। जिसके संबंध में संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सर्विलांस टीम को मोबाइल फोन के बारे मे बता कर बरामदगी करने के संबंध में निर्देशित किया था। इसी क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा अथक मेहनत करते हुए इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलित कर खोये गये जनता के 102 मोबाइल फोन को तलाश किया गया। जिनको वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा आज दिनांक 03.09.2023 को उनके वास्तविक मालिक को वितरित किये गये।

अपने गुमशुदा मोबाइलों को पाकर मोबाइल मालिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बरामद मोबाइल का विवरण-

1. 15 मोबाइल ओप्पो कम्पनी
2. 24 मोबाइल वीवो कम्पनी
3. 18 मोबाइल रियलमी कम्पनी
4. 01 मोबाइल नोकिया कम्पनी
5. 06 मोबाइल वन प्लस कम्पनी
6. 05 मोबाइल इनफिनिक्स कम्पनी
7. 17 मोबाइल रेडमी कम्पनी
8. 03 मोबाइल टेक्नो कम्पनी

9. 01 मोबाइल लावा कम्पनी

10. 08 सैमसंग कम्पनी

11. 02 ऑनर कम्पनी

12. 02 आइक्यू कम्पनी

पुलिस टीमः- निरी0 श्री तारिक खान प्रभारी एसओजी इटावा, उ0नि0 श्री समित चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम